

# दर्पण COVID 19

## निदेशक की कलम से...



वैश्विक महामारी करोना कोविड-19 ने पूरे दुनिया को अपनी चंगुल में फंसा कर अस्त-व्यस्त कर दिया है यह सर्वविदित है कि इस महामारी का दुष्प्रभाव समुदाय की आखिरी व्यक्ति से प्रारंभ होकर देश-दुनिया के समस्त जनमानस तक पड़ा है।

गावों से ले कर महानगरो तक लॉकडाउन प्रथम चरण से ही त्राहिमाम की स्थिति बनी हुई है। इस परिस्थिति में संस्थान के द्वारा बचाव, राहत, जागरूकता एवं विकास के लिए किए गए प्रयासों को आप तक पहुंचाना अपनी नैतिक जबाबदेही समझ रहा हूँ। क्योकि आप सबो की महती सहयोग से ही हम अपने कार्यक्षेत्र में निवास कर रहे अति जरूरतमंद, विधवा, दिव्यांग भाई बहन तक आपातकाल में जरूरत की सामग्री पहुंचा पाने में सफल हुए है।

इस प्रयास को आखरी व्यक्ति तक पहुंचाने में जिला प्रशासन कोडरमा का महती सहयोग, सानिध्य और उपस्थिति प्राप्त हुआ है वहीं सेवा उपलब्ध कराने में समान विचारधारा वाले संस्थाओं के सहयोग से ही यह कार्य सम्भव हो सका है। इस अभियान को और भी बल मिला जब जिले के न्यायपालिका ने भी अपनी महती उपस्थिति दर्ज कराते हुये गांव के आखिरी व्यक्ति के दर्द को बांटने में सहयोग किया।

मैं जिला प्रशासन कोडरमा, न्यायपालिका कोडरमा, सहयोगी संस्था TdH_NL, RMI, CRY, Childline, CIF, पंचायती राज प्रतिनिधि के साथ सभी हित धारकों का धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूँ, जो इस विपरीत परिस्थिति में माइका प्रभावित परिवार जो सुदूरवर्ती इलाके में बसे हैं उनके सहयोग के लिए आगे आए। हम आरजेएसएस परिवार आप सभी शुभचिंतको को विश्वास दिलाते हैं कि आप सबों के सहयोग और सानिध्य के बल पर वैश्विक महामारी कोरोना Covid -19 की चुनौती से संघर्ष करने के लिए कृत संकल्पित और कटिबद्धता के साथ सेवा भाव से जागरूकता, राहत, सहयोग और प्रवासी भाई बहनों को रोजगार से जोड़ने एवं सरकार की महती योजना से प्रभावित जरूरतमंद लोगों तक पहुचाने के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे।

आपका सहयोग और सानिध्य की आशा के साथ।

मनोज कुमार दांगी
सचिव
राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान

## सामुदायिक भोजनालय



कोविड -19 के कहर के पहले चरण में तमाम विपरीत परिस्थिति में आम जनमानस के जीवन को संतुलित करना और अचानक भय, भूख और विवशता की प्रहार से बचाना एक कठिन चुनौती था, अपने घर में दुबके हुए आखरी जरूरतमंद व्यक्ति, कोसो दूर से पैदल चल कर अपने परिवार तक पहुँचने वाले, रस्ते में आने जाने वाले हर जरूरतमंद, सरकारी कर्मचारी, नर्स जो दिन रात सेवा में जुटे हैं, दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले लोग इस महामारी के तांडव से अपरिचित असावधान जूझने को बिल्कुल तैयार नहीं थे और तैयार होने का मौका भी उन्हे नहीं मिला ऐसे लोगों के जीवन रक्षा की जबाबदेही तत्काल संस्था ने निभाते हुए दिनांक 03.04.2020 से 14.04.2020 तक राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के द्वारा प्रखण्ड प्रशासन के देख-रेख में आर०एम०आई०, सीसम एवं अभिव्यक्ति फ़ाउंडेशन के महती सहयोग व समन्वय से ग्राम योगिडीह मोड पर सामुदायिक रसोई केन्द्र का प्रारंभ श्री बैद्यनाथ उरॉव प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा भोजन वितरण कर किया गया। सामुदायिक रसोई केन्द्र में ग्राम मोहनरिया, खवासडीह, योगीडीह, तुरीयाटोल, विरहोर कोलनी, खुट्टा, टेहरो, समयडीह, बरदैया, अंगार, पेल्हनी एवं आखरी जरूरतमंद व्यक्ति, लाचार, बेबस जरूरतमंद लोगों को समाजिक दूरी का पालन कराते हुये और हाथ धुलावा कर शुद्ध और स्वच्छ भोजन



उपलब्ध कराया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री बैद्यनाथ उराँव एवं प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी श्री चन्द्रमोहन प्रसाद यादव द्वारा बीच-बीच में केन्द्र का निरीक्षण किया गया। समय-समय पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा लोगों को कोबिड -19 के संक्रमण से किस तरह सुरक्षित रह सकते है उसके बारे में जागरूक करते हुये, घर में ही रहने का अपील किया गया। अतिआवश्यक कार्य रहने पर ही घर से बाहर निकलें साथ ही साथ सरकार के व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस विपरीत परिस्थिति में संस्थान निम्न लोगो तक अपनी सेवा पहुचां पाए।

| क्र सं | स्थान | अवधि | कुल दिवस | कुल लाभान्वित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोगी डीह चौक प्रखंड–सतगावां, कोडरमा | 03-05-2020 से 14-05-2020 तक | 12 दिन | 2775 |

## RJSS द्वारा कोरोना Covid -19 से बचाव के लिए किये गये राहत, जागरुकता एवं विकास कार्य

### राहत कार्य/ सामग्री वितरण



ग्राम महथा डीह में राहत सामग्री वितरण के दौरान कोरोना से बचाव पर बात करते हुए श्री बैधनाथ उरावं B.D.O, Dr.चन्द्रमोहन चिकत्सा प्रभारी, सुरेन्द्र कुमार वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी सतगावां एवं सदस्य RJSS

कोरोना कोविड -19 महामारी के असर को देखते हुए परियोजना क्षेत्र में परिस्थिति और आवश्यकता के अनुरूप 09.04.2020 को कोडरमा जिला के सतगावां प्रखंड के माइका प्रभावित सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित पंचायत राजावर के बैगना गावं से राष्ट्रीय झारखंड सेवा संस्थान के द्वारा टेरेडेस होम नीदरलैंड के सहयोग से प्रखण्ड एवं जिला प्रशासन के देख रेख में राशन किट व सुरक्षा किट का वितरण श्री बैद्यनाथ उराँव प्रखण्ड विकास पदाधिकार सतगावां के कर कमलो के द्वरा प्रारम्भ किया गया जो कुशहनिया, जटहाडीह, रेंगनिया, महथाडीह, सिमरातरी होते हुए दिनाकं 12.04.2020 को प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो सुश्री सुकेशनी केरकेट्टा के द्वारा डगरनावा पंचायत के पिछरी, लोहा बर, कुम्भ, झावांतरी होते हुए बानुमुरहा मे वितरण किया गया। डोंमचांच प्रखंड के वैदवर गाँव के साथ कोडरमा प्रखंड के सपहा, खलकथम्भी, झरखी, बिसुनपुर, डुमरिया टांड, अम्बा कोला, पार गजहंडी, गोरियातु और चंदवारा प्रखण्ड में महुआदोहर करते हुए 22/05/ 2020 को माननीय श्री रमाशंकर सिंह प्रभारी जिला सत्र एवं न्यायाधीश, श्री राजीव कुमार एस डी जी एम, श्रीमति लूसी सेशन तिग्गा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के द्वारा नगर पंचायत कोडरमा के डुमरिया टांड में उपस्थित होकर स्वास्थ्य किट वितरण कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

डा चंद्रमोहन प्रसाद, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी सतगावॉ के द्वारा सामग्री वितरण कार्यक्रम के दौरान राहत कार्य में लगे टीम और ग्रामीणों को मास्क एवं सेनिटाइजर का उपयोग करने के बारे में बहुत बारीकी से प्रशिक्षित किया गया।

समाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुये समाग्री के वितरण के दौरान अतिथिओं द्वारा लोगों को लॉकडाऊन में घर के अन्दर रहने, अतिआवश्यक कार्य आने पर ही घर से बाहर निकलने के बारे में एवं हाथ साबुन से अच्छी तरह बार बार धोने के बारे में जागरूक किया गया। श्री मनोज दाँगी, सचिव राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के द्वारा लोगों को सरकार के द्वारा आपदा काल में जो निर्देश जारी किया जा रहा है उसके पालन करने का आग्रह किया गया और संस्थान द्वारा दिए गये सामग्री का सही उपयोग करने का आग्रह किया गया।

वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी सतगावां श्री सुरेन्द्र सिंह, डगरनावा पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, राजस्व कर्मचारी सह नोडल पदाधिकारी मदन कुमार, शिला देवी मुखिया जरगा पंचायत, वार्ड महेश कुमार सिंह, सेविका किरण देवी सहायिका, सुदामा देवी नारायण पंडित शिक्षक राजावर पंचायत वर्तमान मुखिया श्री प्रमेश्वर प्रसाद शर्मा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि श्री सीताराम राय, पंचायत समिति सदस्य शहोद्री देवी, वार्ड सदस्य तेजन राय, ज्ञानदेव राय ने सामग्री वितरण कार्य में उपस्थित होकर अहम भूमिका निभायी और सहयोग किया।



ग्राम रेंगानियाँ में राशन एवं स्वास्थ्य किट वितरण के दौरान श्री बैधनाथ उरावं B.D.O, Dr. चन्द्रमोहन कुमार चिकत्सा प्रभारी सतगावां।



ग्राम वानुमुरहा प्रखंड मरकच्चो में माइका प्रभावित परिवारों के वीच राशन वितरण करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री सुकेशनी केरकेट्टा।



ग्राम डुमरिया टांड में माइका प्रभावित परिवार स्वास्थ्य किट का वितरण करते हुए श्री रमाशंकर सिंह प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश, श्री राजीव कुमार SDGM, श्रीमती लूसी रोसन तिग्गा सचिव डालसा कोडरमा।

| क्र स | जिला | प्रखंड | गावं | खाद्य सामग्री (परिवार) | स्वास्थ्य किट (परिवार ) | कुल परिवार तक पहुँच |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 5 | 21 | 303 | 1006 | 1006 |


## जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के द्वारा कोरोना Covid-19 से बचाव, सुरक्षा, प्रचार-प्रसार, राहत कार्य और जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न स्तर पर कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ख़ास कर लॉकडाऊन के दौरान कैसे खुद को सुरक्षित रखें और दूसरे को सुरक्षित रखें इस मुद्दे पर प्रारम्भ काल से अब तक प्रयास जारी है।

संस्थान एंव चाइल्डलाइन सब सेंटर सतगावॉ के द्वारा मरकच्चों प्रखण्ड के आंगनवाड़ी सेविकाओं को Covid-19 से बचाव के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी मरकच्चों एंव एक्सन एड यूनिसेफ से विजय कुमार, निदेशक मनोज कुमार दांगी ने बारी बारी से Covid-19 से बचने हेतु सामाजिक दूरी, हाथ धुलाई एंव मास्क का उपयोग एंव स्वच्छ रहने के लिए समय-समय पर हाथ धोने एंव सेनिटाइजर इस्तेमाल करने के बारे में बताया। घर पर रहें सुरक्षित रहें। तथा बच्चों से संबंधित कोई भी परेशानी होता है तो 1098 पर फोन करें।






Covid -19 से बचाव के लिए लॉकडाऊन में एक दूसरे के घर आने जाने से रोक के लिए घर के बाहर दरवाजे के सामने बाल मंच के बच्चो के द्वारा लक्ष्मण रेखा बना कर एक जागरूकता संदेश कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिससे बच्चो और अभिभावको में जागरूकता तो आई ही आस पास के गावों में जागरूकता का असर दिखा। जिसे मूर्त रूप देने में आर०जे०एस०एस० के सभी कार्यकर्ता ने महती भूमिका निभायी है इसे RMI के कंट्री हेड श्री विजय कुमार जैन ने ट्विट कर दुनिया के सामने लाया तो वहीं झारखण्ड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के द्वारा सराहा गया और देश दुनिया में फैलाया भी गया।






TdH_NL के सहयोग से सतगावॉ, मरकच्चो एंव डोमचाँच के कुल 20 गॉव में लगभग 385 बच्चों के बीच झारखण्ड सरकार DIGI SATH दिशा निर्देश के पश्चात कार्यकर्ता के द्वारा ऑनलाइन पढाई प्रारंभ किया गया। जिससे इस लॉकडाऊन कि स्थिति में बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़कर पढाई नियमित रखने का प्रयास किया गया साथ ही साथ इसके माध्यम से वच्चों का मनोरंजन जैसे कविता, कहानी आदि विषय ऑन लाइन के माध्यम से उनके घर में उपलब्ध किया गया। चूंकि विद्यालय वंद होने के वाद वच्चे का घर में खाली समय विताना अभिभावकों के लिए सवसे वडी चुनौती थी इस परिस्थिति में संस्थान के प्रयास से बच्चो की पढाई भी संभवत चालू रही। साथ ही बच्चो का परिवार आधारित देखभाल बहुत ही सफलता पूर्वक कार्य रहा जिससे लगभग 385 बच्चो को लाभ मिला।

RJSS के द्वारा सीसम नेटवर्क के सहयोग से सतगावॉ प्रखण्ड के तीन पंचायत खुट्टा, अम्बावाद एवं कोठिआर के आठ गॉव में COVID 19 वैश्विक माहामारी से बचाव हेतु जागरूकता के लिए बाल मंच के बच्चों के द्वारा चार्ट पेपर एवं दीवार पर COVID 19 वैश्विक माहामारी से बचाव के लिए मेरा घर आना मना है और मैं भी किसी के घर नहीं जाउगा / जाउंगी लेखन कर लोगों को जागरूक करने का कार्य प्रारम्भ किया गया। जो 69 गावं के बाल मंच द्वारा 1525 जगहों पर लिखा कर संदेश दिया गया।

## सिलाई प्रशिक्षित दीदी के द्वारा मास्क निर्माण

सीसम परियोजना अंतर्गत आय सृजन कार्यक्रम के तहत सिलाई प्रशिक्षित SHG के 4 सदस्यों के द्वारा कपड़े का मास्क बनाकर किशोर-किशोरियों और बाल मंच, गरीब, असहाय, बुजुर्ग एवं बच्चों के बीच मास्क वितरण किया गया। जो सतगावां प्रखंड में 28.03.2020 से प्रारम्भ होकर 03-04 2020 तक 8 गावं दोनैया, पेल्ही, समयडीह, जोगीडीह, मोहनरिया, ख्वासडीह बरदैया, अंगार में किया गया जो covid -19 से बचाव का माध्यम बना हुआ है।



सिलाई प्रशिक्षित दीदी के द्वारा मास्क निर्माण व वितरण

## मास्क वितरण

राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान सतगावॉ के द्वारा किशोरियों, बच्चों, जरूरतमंद लोगो के बीच में समाजिक दूरी का पालन करते हुये ईद का मुबारकवाद देते हुये 2000 लोगों के बीच मास्क का वितरण किया गया। जिसमे प्रवासी मजदूर भी बड़े पैमाने पर शामिल हैं। इस मौके पर श्री मनोज दांगी, आरजेएसएस के द्वारा मास्क के उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही समाजिक दूरी बनाये रखने की अपील की। इस कार्य में निर्भय कुल, रामनंदन प्रसाद, जोसफिन एक्का रोक्साना प्रवीन, शबनम आरसी, मो० हामिद, विपीन पासवान, विपीन रविदास, रत्नेश कुमार, लीला देवी, मुशाफ़िर राम, मान सिंह पासवान आदि का महत्वपूर्ण योगदान मिला।



ईद के मौके पर मास्क का वितरण कर मुबारक बाद के साथ सामाजिक दुरी, हॉंथ धुलाई, घर में रहने के लिए जागरुक करते मनोज दांगी

## सरकारी योजना हेतु जानकारी ग्रामीण बैठक का आयोजन

ग्राम दोनैया में मनरेगा से संबंधी तमाम योजना के बारे में जानकारी देने हेतु RJSS के पहल पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के साथ ग्रामीण बैठक का आयोजन किया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महोदय के द्वारा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये लोगों को इसके लाभ लेने के लिए आगे आने की अपील की। साथ सामाजिक दूरी का पालन करते हुये मास्क के उपयोग के बारे में बताया। श्री मनोज दांगी के द्वारा प्रवासी मजदूरों को रोजगार सृजन हेतु आगे आने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें लगभग 100 लोगों कि उपस्थित हुयी। मेड बंदी और बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत कार्य की सहमती बनी।



ग्राम दोनैया में covid 19 से बचाव के बारे में एवं काम से जोड़ने हेतु योजना के बारे जागरुक करते प्रखंड विकास पदाधिकारी सतगावां और संस्थान सचिव मनोज दांगी। प्रवासी मजदूरों को रोजगार से जोड़ने हेतु इस प्रकार का बैठक कोडरमा जिला के विभिन्न गाँवों में आयोजित किया गया।

## कोरोंटाइन सेंटर में साइको सोशल काउंस्लिंग सह जरूरत अनुसार सहयोग

प्रखण्ड कोरोनटाइन सेंटर में राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के द्वारा 150 लोगों के बीच मास्क वितरण किया गया। उक्त मौके पर श्री मनोज दांगी सचिव द्वारा मास्क के उपयोग के व समाजिक दूरी पालन करने के बारे में तथा उपस्थित बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए काउंस्लिंग किया गया।

चाइल्ड लाइन सब सेंटर के पहल और डालसा सचिव कोडरमा के हस्तक्षेप से कोरोनटाइन सेंटर सतगावॉ में 40 बच्चों के बीच बिस्किट, साबुन और सेव वितरण किया गया। निर्भय कुल कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए अभिभावको तथा बच्चों को काउंस्लिंग किया गया। विपीन पासवान एवं विपीन रविदास का सहयोग प्राप्त हुआ।




कोरोंटाइन सेंटर सतगावां में जरुरत की सामाग्री उपलब्ध कराते हुये निर्भय कुल।

श्री मनोज दांगी के द्वारा दोनैया के राजकिय मध्य विद्यालय के कोरोनटाइन सेंटर में रह रहे लोगों के साथ कौन्सिलिंग किया गया। बातचीत के क्रम में सभी लोगों ने कोरोनटाइन के नियमों को विस्तार पूर्वक बताया। उनके जरूरतों के बारे में बात किया तत्पश्चात सभी लोगों के लिए संस्थान कि ओर सेंनिटाइजर की व्यवस्था की गयी। यहाँ 11 प्रवासी लोग आये हुए है। ग्राम गजहर के 09 प्रवासी मजदूर जो पुणे (महाराष्ट्र ) से पैदल चलकर चतरा तक पहुंचे थे RJSS के सहयोग से चतरा के स्वैच्छिक संगठन के साथिओं के सहयोग से कोडरमा प्रशासन के अनुमति से PHC सतगावां में स्क्रीनिग करवाते हुए होम कोरोनटाइन गावं के विद्यालय में करवाया। सभी प्रवासी एक सभ्य व्यक्ति का परिचय देते हुए पूरे 14 दिन विद्यालय में रहे जिसे RJSS ने पूरी तरह अपनी निगरानी में रखा और आखिर में शपथ पत्र के साथ सभी को अपने घर भेजा गया। जिसे बीच-बीच में संस्थान के कार्यकर्ताओं द्वारा काउंस्लिंग किया गया।

## पार्थिव शरीर निवारण

ग्राम दोनैया में एक करोना संदिग्ध व्यक्ति की मौत होने के कारण RJSS से प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सूचना देते हुए पार्थिव शरीर निवारण में सहयोग के लिए आग्रह किया गया, तत्पश्चात RJSS परिवार की ओर से श्री मनोज दांगी स्वयं एवं श्री किशोरी यादव, मो सरफुद्दीन ने पार्थिव शरीर प्राप्त करने से लेकर दाह संस्कार के कार्य में समर्पित भाव से कार्य किया। पार्थिव शरीर के दाह संस्कार में परिवार और प्रशासन को मुखिया प्रतिनिधि श्री दुर्गा राय का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।



ग्राम दोनैया में कोरोना संदिग्ध व्यक्ति का पार्थिव शरीर निवारण कार्य में श्री बैद्यनाथ ऊराँव, BDO सतगावां एवं मनोज दांगी, RJSS

## कोरोना प्रभावित गाँव के सेनिटाइजेशन का कार्य

ग्राम खुट्टा में एक कोरोना पॉजिटिव मरीज की पुष्टि होने के बाद गावं को प्रशासन के द्वारा सील किया गया और RJSS, प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग सतगावां के संयुक्त प्रयास से सेनिटाइज किया गया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री बैद्यनाथ उराँव, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चन्द्रमोहन कुमार एवं सचिव श्री मनोज कु० दांगी स्वयं उपस्थित रह कर अति संवेदनशील गावं में छिडकाव करवाने का कार्य संपादित करवाए।



ग्राम खुट्टा एवं दोनैया में कोरोना पोजिटिव मिलने के बाद RJSS एवं प्रखंड प्रशासन के संयुक्त प्रयास से गावं में सेनीटाइजेसन करवाया गया।



# विकास कार्य

## जिला स्तरीय GO / NGO / CSO की बैठक

कोरोना Covid-19 वैश्विक आपदा से निवारण के लिए जिला एवं राज्य प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान (RJSS) को कोडरमा जिला मदर NGO ( मात्री संस्था) के रूप में चयन किया गया।



सीएसओ के साथ जिला स्तरीय बैठक में उप विकास आयुक्त श्री आलोक कुमार तिवेदी, निदेशक DRDA, सिविल सर्जन कोडरमा एवं सचिव आरजेएसएस

COVID -19 से बचाव, राहत एवं विकास को लेकर प्रशासन एवं CSOs / NGO का जिला स्तरीय बैठक का आयोजन राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान (मातृ संस्था) के द्वारा दिनांक 21.04.2020 को बिरसा सांस्कृतिक भवन कोडरमा में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री आलोक त्रिवेदी, उपविकास आयुक्त ने किया। जिला में कार्यरत व राज्य में Covid -19 के लिए कार्य करने हेतु निबंधित NGO का एरिया मैपिंग, रिसोर्स मैपिंग एवं कार्य की इच्छा के अनुसार स्वेच्छा से पंचायत चिन्हित किया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त श्री आलोक त्रिवेदी, सिविल सर्जन, निदेशक DRDA, कल्याण पदाधिकारी एवं मनोज कुमार दांगी सचिव RJSS एवं जिले के 20 CSOs / NGO के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुभारम्भ किया हुआ योजना नीलाम्बर पीताम्बर जल समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम विकास योजना, पोटो हो खेल मैदान योजना तीनों योजनाओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। सभी CSOs/ NGO से क्रियान्वयन में सहयोग के साथ प्रवासी भाई – बहनों के वापासी के बाद मनरेगा से जोड़ कर रोजगार उपलब्ध कराने में सहयोग के साथ Covid-19 से बचाव, राहत एवं विकास कार्य में CSOs / NGO को सहयोग करने की अपील उपविकास आयुक्त के द्वारा की गयी। सभी CSOs /NGO के बीच जिला के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने की सहमती बनी।



कोरोना से बचाव, राहत एवं विकास कार्यों में सहभागिता के लिए जिला स्तरीय बैठक में CSOs / NGO के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी

## प्रखंड स्तरीय बैठक



कोरोना से बचाव, राहत एवं विकास कार्यों में सहभागिता के लिए प्रखण्ड स्तरीय बैठक में कोडरमा प्रखण्ड में कार्यरत CSOs / NGO के प्रतिनिधि, मातृ संस्था एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के साथ मानरेगा कर्मी

COVID -19 से बचाव, राहत एवं विकास को लेकर गति तेज करने के उद्देश्य से मातृ संस्था RJSS के नेतृत्व में सर्व प्रथम प्रखंड प्रशासन एवं CSOs / NGO के साथ समन्वय बैठक का आयोजन 28-04-2020 को सतगावां में प्रारम्भ हुआ 03-05-2020 डोमचांच, 05-05 -2020 चंदवारा, 07-05-2020 को मरकच्चो 11-05-2020 कोडरमा में आयोजित करवाया गया जिसमे सभी प्रखंड से सम्बंधित CSOs / NGO से अपने अपने पंचायत में प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर बचाव, राहत, प्रचार प्रसार एवं विकास कार्यो के लिए सक्रियता से कार्य प्रारम्भ करने की अपील प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा की गयी। मातृ संस्था सहित सभी संस्थाओ ने कार्य करने की सहमती जताई।

## बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए लेआउट सह पौधा रोपो, पानी रोको अभियान का शुभारंभ



ग्राम जटहाडीह पंचायत राजावर प्रखंड सतगावा में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी लगाने हेतु पीट खुदाई का लेआउट करते हुये श्री बैद्यनाथ ऊराँव, BDO सतगावां, सचिव आरजेएसएस, प्रवासी मजदुर एवं लाभुक

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत 'पानी रोको, पौधा रोपो' अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान, प्रखण्ड प्रशासन सतगावॉ एवं सीसम नेटवर्क, TdH_NL, RMI, CRY, Childline एवं CIF के संयुक्त तत्वावधान में प्रखण्ड के सुदूरवर्ती पंचायत कोठिआर के दोनैया ग्राम से शुभारंभ किया गया। मौके पर बिरसा हरित ग्राम योजना के लिए लेआउट पिट खुदायी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री बैद्यनाथ ऊराँव, BDO सतगावां, सचिव आरजेएसएस, प्रवासी मजदूर एवं लाभुक के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया और सागवान का पौधा लगाया गया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने संबोधित करते लोगों को बताया कि आज पूरे राज्य में पानी रोको पौधा रोपो अभियान का शुभारंभ हो रहा है। इसी अभियान के तहत दोनैया में भी पौधा रोपने का कार्य किया गया इसके लिए आपलोग बधाई के पात्र है और हम आशा करते हैं कि अभियान में आपलोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगें और पानी रोकने को लेकर पौधा लगाना सुनिश्चित करेगें। इसके लिए सरकार द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना, निलाम्बर पिताम्वर जल समृद्धि योजना के तहत मेडबंदी जैसे महत्वपूर्ण योजना को अभियान के रूप में जमीन पर उतारने का निर्णय लिया जा चुका है।

इस अभियान के तहत जटहाडीह. दोनैया, कला खैरा,भाखरा, पोखर डीहा, कुसहनिया, बैगना, अम्बाकोला, पेल्हनी, समय डीह, बरदहिया, खवास डीह इत्यादि गाँव में आम की बागवानी एवं मेड बंदी का कार्य प्रारम्भ किया गया है। साथ ही प्रवासी मजदूर का जॉब कार्ड बनाने का कार्य भी चल रहा है। RJSS के पहल और प्रयास से निम्नांकित कार्य हो पाया है।



| क्र सं | गाँव की सं | किसान / मजदूर | कुल एकड | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 28 | 28 | बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी |
| 2 | 5 | 40 | 10 | मेड बंदी |
| 3 | 14 | 273 | - | जॉब कार्ड बनाना |

## ग्राम पेल्हनी में सामुदायिक कृषि कोरोना महामारी के समय बना आय का मुख्य साधन

सब्जी खेती कर पेल्हनी के 24 परिवारों ने बंदी के समय लगभग 4,00,000.00 चार लाख रूपये का सब्जी उत्पादन कर अपने गाँव का विकास जारी रखा। यह RJSS के सतत प्रयास और प्रशासन, सीसम एवं RMI के सहयोग का परिणाम है।



ग्राम पेल्हनी में कोरोना काल में सामुदायिक खेती कर विकास की ओर बढ़ता गाँव

## कोरोना काल में प्रवासी मजदूरों के लिए आजीवीका सुनिश्चित करने हेतु बिरसा हरित ग्राम योजना (मनरेगा) के तहत आम बागवानी के किसानो का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान प्रखण्ड प्रशासन एवं टेरे डेस होम के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 28 लाभुकों को प्रशिक्षण दिनांक 09-05-2020 को पी एच सी सभागार सतगावां में दिया गया। प्रशिक्षण का प्रारंभ श्री निर्भय कुल वरिष्ठ कार्यक्रम समन्वयक के द्वारा किसानों को सामाजिक दूरी, हाथ धुलाई और मास्क पहनने जैसे विषयों से प्रारंभ किया गया तत्पश्चात प्रशिक्षक के रूप में प्रदान संस्था से विशेष आमंत्रित प्रशिक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित हुए। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री वैद्यनाथ उरॉव ने कृषको को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुनहरा अवसर है जब आपको सरकार सीधे लाभ दे रही है जो आपकी अपनी संपति खड़ा करने के लिए है। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत यदि आप बागवानी करते हैं तो लगभग 5 वर्ष बाद से लाखों की कमाई सुनिश्चित है। इस बीच खेत से सालों भर खेती से अच्छी आय कर सकते हैं। किसानों से अपील किया कि हर हाल में इस अभियान को सफल बनाना है और शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करना है। उन्होने आर जे एस एस को धन्यवाद दिया कि इस योजना को गतिमान करने में महती भूमिका इस प्रखण्ड के साथ साथ जिला के लिए भी निभा रहे है। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी को विधिवत बागवानी के लेआउट से प्रारंभ कर पौधा रोपन, सुरक्षा संरक्षण विकास से व्यापार तक की प्रक्रिया को स्टेप बाई स्टेप बताया गया साथ ही आम बागवानी की सफलता का विडियो भी प्रस्तुत किया गया जो किसानों को काफी उत्साहित भी किया। मातृ संस्था राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान के सचिव श्री मनोज दांगी ने प्रशिक्षण का आयोजन का उद्देश्य बताते हुए कहा कि कोई भी व्यापार / उद्योग /कृषि कार्य करने के पूर्व प्रशिक्षण से सफलता की संभावना बढ़ जाती है इसलिए इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।



श्री वैद्यनाथ उरॉव प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सतगावां बागवानी कृषको को संबोधित करते हुये।



इस वैश्विक आपदा के समय rjss के द्वरा उपलब्ध कराया गया स्वास्थ्य किट माइका प्रभावित परिवार के लिए वरदान साबित होगा।

श्री रमाशंकर सिंह
प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश, कोडरमा



राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान द्वारा कोविड–19 के महामारी काल के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव और रोकथाम के लिये जमीनी स्तर पर किये गये प्रयास अत्यन्त हीं सरायनीय हैं। संस्था की ओर से इस दौरान कोडरमा जिला के मदर एन.जी.ओ. के रूप में जिले में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते कोविड–19 के रोकथाम एवं प्रवासी मजदूरों और ग्रामीण समुदाय स्तर पर मनरेगा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं में ग्राम समुदाय की भागीदारी को लेकर किये समस्त प्रयास प्रशंसनीय है। मैं राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान टीम की भूरी–भूरी प्रशंसा करता हूँ जो इस महामारी के दौरान सिविल सोसाइटी के भावना के अनुरूप निष्ठापूर्वक काम कर रहे हैं।
मेरी ओर से संस्था एवं इससे जुड़े सभी सदस्यों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ!

उप विकास आयुक्त
कोडरमा



राष्ट्रीय झारखण्ड सेवासंस्थान द्वारा कोविड–19 के दौरान कोरोना संक्रमण और रोकथाम के लिये जमीनी स्तर पर किये गये प्रयास बहुत ही सराहनीय है और रिस्पांसिब्ल माईका इनिशियेटिव की ओर से हम इन प्रयासों की भागीदारी मे गर्व अनुभव करते हैं। संस्था की ओर से कोडरमा जिला के मदर एनजीओ के रूप में कोरोना से बचाव संबंधित उपायो को ले कर जिला मे विभिन्न संस्थाओं के साथ बेहतर ताल.मेल बनाते हुए तथा प्रवासी मजदूरो और ग्रामीण समुदाय के स्तर पर मनरेगा के प्रचार प्रसार सहित योजनाओं में ग्राम समुदाय की भागीदारी को लेकर किये गये समस्त प्रयास प्रशंसनीय हैं। रिस्पांसिब्ल माईका इनिशियेटिव की ओर से हम मनोज दांगी और उनकी पूरी टीम को बध ाई देते है कि इस महामारी के दौरान सिविल सोसाईटी की भावना के अनुरूप निष्ठा पूर्वक काम किया है। हमारी ओर से संस्था और इससे जुड़े सभी सदस्यो को बहुत शुभकामना !

श्री विजय जैन
राष्ट्रीय प्रतिनिधि
रिस्पांसिब्ल माईका इनिशियेटिव



Continued efforts to bring improvement in quality of life for the most vulnerable families and children have been the most commendable efforts by Rashtriya Jharkhand Seva Sansthan (RJSS). Terre des Hommes -Netherlands (TdH-NL) has been partnering with RJSS for the cause of Mica dependent families and children since past 2 years. The commitment for timely humanitarian response at the field level by RJSS and project teams during COVID-19 needs special mention.On behalf of TdH_NL,I extend my best wishes for all future endeavours dedicated for the children.

Ponpandian Thangam,
Country Manager,
Terre des Hommes, Netherlands



आज दिनांक 22.04.2020 दिन बुधवार को ग्राम डुमरियाटाँड, पो॰+थाना+जिलाः कोडरमा में राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान, कोडरमा के द्वारा गरीब, असहाय व जरूरत मंदों के बीच स्वास्थ्य किट का वितरण किया गया जो वर्तमान समय में इस कोरोना महामारी के मद्देनजर वरदान साबित होगा, साथ कोरोना महामारी से बचाव हेतु विशेष दिशा–निर्देश के पालन के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया।
गरीब असहाय व जरूरतमंदों के प्रति इस विकट परिस्थिति में सेवा भाव के लिए राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान, कोडरमा को बहुत–बहुत धन्यवाद देती हूँ साथ ही टीडीएच–एनएल को भी धन्यवाद॰ जिनके सहयोग से यह संभव हो सका।

श्रीमति लूसी सेसन तिग्गा
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा



वैश्विक आपदा कोरोना कोविड -19 से बचाव के लिए स्वास्थ्य किट और खाद्य सामग्री सतगावां प्रखंड के सुदूरवर्ती माइका प्रभावित इलाकों में निवास कर रहे माइका प्रभावित परिवार में भी विधवा, विकलांग निःसहाय तक RJSS के द्वरा मेरे उपस्थिति में उपलब्ध कराया गया है जो बहुत ही उपयोगी साबित हुआ है। इस पुनीत कार्य के लिए हम RJSS और Tdh_NL को धन्यवाद देते है।

श्री बैद्यनाथ उरॉव
प्रखण्ड विकास पदाधिकार, सतगावां



I Sanjay Kumar Mishra, Secretary, Bal Kalyan Sangh would really like to appreciate the Relief and Rehabilitation activities carried out by RJSS during Lockdown for COVID-19. I feel really happy to have RJSS as partner to combat Child Exploitation in Koderma. I also do appreciate the continuous work of RJSS & its team to support children, women and vulnerable communities to fight against different social problems and bring them into mainstream of the society.

Thank you again for supporting the global response to COVID-19 and for committing resources to common services that will enable all humanitarians to stay and deliver.

Lastly I would hereby like to congratulate RJSS and its team for their continuous efforts being taken for the vulnerable population of the society.

Thanks and regards,

(Sanjay Kr. Mishra)
Secretary
Bal Kalyan Sangh (BKS)



कोरोना काल में राहत व रोकथाम के साथ प्रभावित लोगों की जमीनी स्तर पर रोकथाम में सिविल सोसाईटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस क्रम में झारखण्ड के कोडरमा जिले की मदर एनजीओ राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान की भूमिका उल्लेखनीय रही है। संस्थान ने मनोज दांगी जी के नेतृत्व में कोविड जागरूकता और रोकथाम के लिये जिला स्तर पर विभिन्न एजेन्सियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के बीच सुन्दर तालमेल बनाया है और सरकारी योजनाओं और सुविध ाओं को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचाने का सफल प्रयास किया है। राष्ट्रीय झारखण्ड सेवा संस्थान द्वारा कोडरमा जिला में सीसम नेटवर्क के अन्तर्गत आरएमआई समर्थित परियोजना के अन्तर्गत लॉकडाउन के प्रारम्भिक दौर में सामुदायिक रसोई से शुरू हुआ यह अभियान इस अवधि में आपदा प्रबंधन अन्तर्गत जागरूकता, आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता, भोज न सहायता, सामाजिक दूरी सहित अन्य विभिन्न आयामों को लेकर प्रभावी तौर पर काम कर रहा है। संस्था और उससे जुड़े सभी साथी का इस मानवीय सहायता में उल्लेखनीय योगदान के लिये बधाई के पात्र हैं। अभिव्यक्ति फाउण्डेशन और सीसम कन्सोर्टियम की ओर से पूरी टीम को बहुत शुभकामनायें!

कृष्ण कान्त
अभिव्यक्ति फाउण्डेशन



Tdh _NL के सहयोग से लॉक डॉन में सतगावां प्रखंड में माईका प्रभावित परिवार के बीच सूखा राशन एवं स्वास्थ्य किट का वितनोप्रांत RJSS को प्रशस्ति पत्र देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं चिकित्सा प्रभारी सतगावां




लौकडॉन के दौरान RJSS के द्रारा सामुदायिक भोजनालय का वेहतर संचालन के लिए कार्यक्रम समन्वयक निर्भय कुल एवं सुरेश राय को प्रशस्ती पत्र देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं चिकित्सा प्रभारी सतगावां



ग्राम पोखरडीहा में किशोरी मंडल के बीच कोरोना से बचाव हेतु हाथ धुलाई, सामाजिक दूरी एवं मास्क का उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए सदस्य जोसफिन एक्का।



ग्राम पोखरडीहा में किशोरी मंडल के बीच मास्क वितरण करते हुए संस्था के अध्यक्ष रामनंदन प्रसाद।



संक्रमण से बचने के लिय क्या करे और क्या न करे उसके प्रति लोगो को जागरूक करते संस्था के सचिव।




कोरोना से वचाव हेतु वाल मंच के सदस्य द्वारा वच्चों को जागरूक करते हुए एवं सिलाई प्रशिक्षित दीदी द्वारा मास्क वितरण करते हुए ।



प्रखण्ड मरकच्चों में कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु सेविका को जागरूक करते हुए चाइल्ड लाइन सब सेंटर के टीम लीडर बब्लू कुमार, निदेशक, विजय कुमार दुबे, प्रतिनिधि एक्शन एड यूनिसेफ़ एवं सूपर्वाइज़र मरकच्चों।



ग्राम झरखी विष्णुपुर में स्वास्थ्य किट प्राप्त करते माईका प्रभावित परिवार



ग्राम बानुमरहा पंचायत डगरनावां में माइका प्रभावित परिवार के बीच राशन एवं स्वास्थ्य किट वितरण के दौरान सुश्री सुकेशनी केरकेटा प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो कोरोना से बचाव की जानकारी देते हुए।



ग्राम गोरियातु पंचायात गझंडी प्रखंड कोडरमा में स्वास्थ्य किट प्राप्त कर अपने दरवाजे पर खुशी जाहिर करते हुए माइका प्रभावित परिवार।




ग्राम सिमरातरी में कोरोना से बचाव के लिए जागरुक करते प्रखंड विकास पदाधिकारी सतगावां एवं चिकित्सा पदाधिकारी सतगावां लौक डॉन के क्रम में राशन एवं स्वास्थ्य किट वितरण के दौरान।



ग्राम लोहावर में पंचायत डगरनावां की मुखिया सुनीता देवी स्वास्थ्य किट एवं राशन किट वितरण करते हुए।



मुखिया श्रीमति शीला देवी जरगा पंचायत के द्वारा स्वास्थ्य किट वितरण करते हुए ग्राम झरखी विशुनपुर में।



राशन किट तैयारी के समय सामग्री और स्वक्षता के वारे में समझते हुए प्रखंड विकास पदधिकारी श्री वैधनाथ उरावं एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रमोहन कुमार को पूरी जानकारी देते संस्था के कोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार।



ग्राम वैदवर पंचायत धरगावं प्रखण्ड डोमचांच में लौक डॉन के दौरान राशन एवं स्वास्थ्य किट प्राप्त कर कोरोना से बचाव की जानकारी लेते माइका प्रभावित परिवार।



ग्राम डुमरिया टांड़ में स्वास्थ्य कीट वितरण से पूर्व सामग्री के वारे में जानकारी देते हुये।



ग्राम पिछरी में राशन एवं स्वास्थ्य किट प्राप्त करने के बाद कोरोना संक्रमण से बचाव की जानकारी सुनते हुए माइका प्रभावित परिवार।



ग्राम पिछरी पंचायत डगरनावां प्रखंड मरकच्चो में मुखिया सुनीता देवी को स्वास्थ्य किट प्रदान करते हुए TdH_NL के प्रतिनिधि जॉन धीना बंधु।

## हमारे सहयोगी संथाएं

CHILD LINE 1098 NIGHT & DAY

CRY CHILD RIGHTS AND YOU www.cry.org

RESPONSIBLE MICA INITIATIVE

terre des hommes stops child exploitation

bKS BHARTIYA KISAN SANGH www.bksranchi.org

CESAM

abhivyakti FOUNDATION


**Registered Office:**

At-Sihas, Post- Satgawan, Dist-Koderma (Jharkhand), Pin-825132

**Central Office cum Correspondence Address**

Rashtriya Jharkhand Seva Sansthan, At-Sihas (Pahalwan Ashram Bhakhara), Post-Satgawan
Dist-Koderma (Jharkhand) PIN - 825132

**Coordination Office:**

Shahu Bhawan, Sundar Nagar, Patna Ranchi Main Road, Opp. D.C. Office, District : Koderma PIN - 825410

Mobile : (+91) 9939298583, 9631531006, 9661411777
E-mail : rjss@rediffmail.com, rjssjharkhand@gmail.com • Website : www.rjssjharkhand.com